टीसीएस आयटी क्विज २०१७ का नागपुर एडिशन १२ सितम्बर को

नागपुर। टाटा कंसलटन्सी सर्विसेस (टीसीएस) इस अग्रणी आयटी सर्विसेस, कंसलटिंग एवं बिजनेस सोल्युशन फर्म की ओर से टीसीएस आयटी क्विज २०१७ के नागपुर एडिशन की घोषणा की गई है, जो १२ सितम्बर २०१७ को सिविल लाइन्स स्थित डॉ वसंतराव देशपांडे सभागृह में आयोजित किया जाएगा। वर्ग ८ से वर्ग १२ के विद्यार्थी इसमें सहभागी हो सकते हैं। एक स्कूल से दो विद्यार्थी वाली एक से ज्यादा टीम्स हिस्सा ले सकती है। क्विज़ हेतु प्रवेश निःशुल्क है। स्कूलों को अपनी एन्ट्रीज ९ सितम्बर तक अथवा उससे पहले प्रशांत कोपरकर, टीसीएस आयटी विझ समन्वयक, अग्रवाल हाऊस, बुराडे गल्ली, तेलीपुरा, सीताबर्डी, नागपुर, यहाँ पंजीकृत करानी होगी। ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा सकता है। इस आयटी क्विज में आयटी क्षेत्र संबंधी विविध व्यक्ति, अपडेट्स, उपकरण इत्यादि पर प्रश्न पूछें जाएंगे। टीसीएस आयटी विझ २०१७ भारत के १२ शहरों में आयोजित की जाएगी इसमें अहमदाबाद, बंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदोर, कोच्ची, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे का समावेश है।